क्रा०८५

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना- 800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं०: 2231562, वेबसाईट: http://bsea.bihar.gov.in, ई मेल: bseapatna@gmail.com

/पटना, दिनांक : 10/09/2021

## अधिसूचना

संख्या- नि०प्रा०/नि०1-02/2020 1368 प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 299 दिनांक 09.02.2021 द्वारा **रोहतास जिला के राजपुर प्रखंड अन्तर्गत बरना पैक्स** के निर्वाचन कार्यक्रम को स्थगित किया गया था। उक्त पैक्स में नामांकन, संवीक्षा, अभ्यर्थिता वापसी एवं प्रतीक आवंटन की प्रक्रियाएं संपन्न हो चुकी थीं। अब बरना पैक्स के चुनाव को अधिसूचना संख्या 78 दिनांक 11.01.2021 के क्रम में स्थगन के प्रक्रम से निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:-

| क्रमांक | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | मतदान की तिथि | 22.09.2021 (बुधवार) |
| 2. | मतगणना की तिथि | 22.09.2021 (मतदान के तुरंत पश्चात) |

2. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में बरना पैक्स के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तेहार आदि चिपका कर किया जायेगा। **दिनांक 16.09.2021 तक इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजेंगे।**

3. **मतदान का समय 06:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा।** निर्वाचन पदाधिकारी मतदान की तिथि को मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र- ई 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562) तथा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

4. **निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना के अगले दिन प्राधिकार के वेबसाईट पर http://bsea.bihar.gov.in पर प्रपत्र-ई 18 से संबंधित सूचनाओं की प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मतगणना के तीन दिनों के भीतर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर युक्त अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात) भी प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे।**

5. उक्त अधिसूचना की शेष बातें यथावत रहेंगी।

अनुलग्नक:-

**अधिसूचना संख्या 78 दिनांक 11.01.2021 की प्रति संलग्न।**

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक: 1368 /पटना, दिनांक : 10/09/2021

प्रतिलिपि: ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

कृ०पृ०उ०

Noti. for Barna PACS Sep, 2021

ज्ञापांक: 1368 /पटना, दिनांक : 10/09/2021

प्रतिलिपि: प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), रोहतास/ पुलिस अधीक्षक, रोहतास/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स0स0), रोहतास/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), राजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव। 10/9/2021

ज्ञापांक: 1368 /पटना, दिनांक : 10/09/2021

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव। 10/9/2021

ज्ञापांक: 1368 /पटना, दिनांक : 10/09/2021

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियां, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव। 10/9/2021

ज्ञापांक: 1368 /पटना, दिनांक : 10/09/2021

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ विशेष कार्य पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव। 10/9/2021